प्रेस नोट थाना कलान

जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

सराहनीय कार्य दिनांक 21.05.2026

अपराधियों पर शाहजहाँपुर पुलिस का बड़ा प्रहार : गैंगस्टर एक्ट में वांछित संगठित गिरोह का सक्रिय अभियुक्त थाना कलान पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर महोदय सौरभ दीक्षित के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शाहजहाँपुर के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना कलान पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

संक्षिप्त विवरणः-

आज दिनांक 21.05.2026 को थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर पर श्रीमान जिला मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा अनुमोदित गैंगचार्ट के आधार पर प्रभारी निरीक्षक थाना कलान की सूचना जुबानी के आधार पर अभियुक्त प्रमोद मिश्रा पुत्र मेवाराम मिश्रा निवासी ग्राम बांसखेड़ा खुर्द थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर तथा विवेक गुप्ता पुत्र जगदीश गुप्ता निवासी ग्राम नयागांव महसूलपुर थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। जांच में प्रकाश में आया कि उक्त अभियुक्तगण एक संगठित गिरोह के रूप में कार्य करते हुए अपने भौतिक एवं आर्थिक लाभ अर्जित करने हेतु लूट, चोरी तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने के अभ्यस्त अपराधी हैं। इनकी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाना आवश्यक पाए जाने पर थाना कलान पर मु0अ0सं0 149/2026 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में नामित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्त विवेक गुप्ता पुत्र जगदीश गुप्ता निवासी ग्राम नयागांव महसूलपुर थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर को मुखबिर की सूचना पर दिनांक 21.05.2026 को ग्राम गुन्दौरा मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के पास से समय करीब 13:42 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

- ✓ विवेक गुप्ता पुत्र जगदीश गुप्ता निवासी ग्राम नयागांव महसूलपुर, थाना जलालाबाद, जनपद शाहजहाँपुर।

अभियुक्त का अपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0 214/2024 धारा 392/411 भादवि थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर।
2. मु0अ0सं0 318/2024 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर।
3. मु0अ0सं0 949/2021 धारा 13 जी एक्ट थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण –

1. व0उ0नि0 कमलेश सिंह, थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 अजयपाल सिंह, थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर।
3. का0 2306 गौरव तोमर, थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर।